प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- (१४)

क. "कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।"

अथवा

"कुछ हैं जिन्हें शब्द मिल चुके हैं
कुछ हैं जो अक्षरों के आगे अंधे हैं
वे हर अन्याय को चुपचाप सहते हैं
और पेट की आग से डरते हैं ।"
जबकि मैं जानता हूँ कि 'इन्कार से भरी हुई एक चीख"
और एक समझदार चुप
दोनों का मतलब एक है ।"

ख) "अंग्रेजों ने हमारे देश में बख्शीश की जो परम्परा डाली थी, आज़ादी के बाद एक आज़ाद नागरिक की हैसियत से लोगों ने उसे अपना हक मान लिया । गुलाम आदमी बख्शीश लेता है और आज़ाद आदमी हक, जिसे लोग घूस की संज्ञा देकर बदनाम करते हैं।"

अथवा

"मंत्रीजी ने सच कहा था, लोग भूख से नहीं, अधिक खा लेने से मरते हैं । अधिक खाकर पचा लेने की क्षमता इस देश में विरले लोगों को ही हासिल है और मंत्रीजी इस तथ्य को भलीभाँति जानते हैं ।"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२०)

च) 'कलगी बाजरे की' कविता में कवि की कल्पनाशीलता का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

अथवा

'रोटी' कविता के बहाने कवि ने मनुष्य की भूख से संबंधित यात्रा को स्पष्ट किया है - प्रमाणित कीजिए ।

छ) 'क्रिकेट इज़ इण्डिया एण्ड इज़ क्रिकेट' निबंध के माध्यम से इंडिया की क्रिकेट संबंधी रुचि पर किए गए व्यंग्य को अपने शब्दों में समझाइए ।

अथवा

'रुकी हुई ट्रेन और क्रांति का बीज' निबंध के माध्यम से राजनीतिक दलों के व्यक्तियों की मानसिकता पर प्रकाश डालिए ।

प्र.३ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

त) 'गज़ल' में व्याप्त संवेदना ।

अथवा

'घृणा और प्रेम.....' कविता की मार्मिकता ।

थ) आधुनिक कवि की मानसिकता ।

अथवा

'भगवान बचाए मेहमान से' निबंध का सारांश ।

Bl. 42 R. L-07

FYBA Min L-II

प्र.४ अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लेखन कीजिए :- (८)

१. एक दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन की आत्मकथा ।

२. एक और गांधी ।

३. मोबाइल फोन कितना जरुरी ।

४. मँहगाई की मार ।

ब) कोष्ठक में दी गयी सूचनानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ()

त) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्ही दो के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ! (२)

१. नाक में दम करना ।

२. अनहोनी को होनी करना ।

३. दूध का कर्ज चुकाना ।

४. मिट्टी से सोना उगना ।

थ) निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दों के भाववाचक संज्ञा रुप लिखिए । (२)

१) रोना २) कोमल ३) सुंदर ४) परेशान ।

द) निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दों के विशेषण रुप लिखिए :- (२)

१) संसार २) क्रोध ३) व्यवहार ४) अंत

ध) निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए :- (२)

१) हाथी २) नायक ३) रानी ४) शिक्षक

* * * *